हरिभूमि
बालोद भूमि - Page 1
1 Aug 2025

## सुविधा : तकनीकी सुविधा से प्रकरणों के निपटारे में गति आएगी

# जिला उपभोक्ता आयोग बालोद में ई-हियरिंग सुविधा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने आज जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में स्थित जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बालोद में ई–हियरिंग का वर्चुअल शुभारंभ किया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बालोद में ई–हियरिंग के शुभारंभ होने से बालोद जिला आज से ई–हियरिंग के माध्यम से पूरे भारतवर्ष से जुड़ गया है।

ई–हियरिंग की सुविधा प्रारंभ होने से उपभोक्ताओं को तकनीकी न्याय का लाभ मिलेगा। जिससे समय और संसाधन दोनों की बचत होगी। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बालोद में इस सुविधा के प्रारम्भ होने से देश के किसी भी हिस्से से उपभोक्ता एवं अधिवक्तागण जिला उपभोक्ता आयोग बालोद से जुड़कर अपने प्रकरण की सुनवाई में भाग ले सकते हैं। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बालोद में ई–हियरिंग के शुभारंभ अवसर पर न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश में पहला राज्य होगा जो ई–हियरिंग के माध्यम से प्रकरणों की सुनवाई करेगा। ई–हियरिंग के शुभारंभ होने से न्यायिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय और जुड़ गया है। इस अवसर पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बालोद के अध्यक्ष गोपाल रंजन पाणिग्राही द्वारा उपस्थित अधिवक्ताओं, पक्षकारों एवं अधिकारी–कर्मचारियों को ई–हियरिंग के माध्यम से सुनवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि पक्षकारों को अपने प्रकरण की ई–हियरिंग के माध्यम से सुनवाई हेतु तीन दिवस पूर्व निर्धारित फार्म में आवेदन करना होगा। इसके पश्चात जिला उपभोक्ता आयोग से उनके मोबाईल पर एक लिंक प्रदान किया जाएगा, जिसके माध्यम से पक्षकार अथवा अधिवक्तागण अपने मोबाईल के द्वारा सीधे प्रकरणों की ऑनलाईन सुनवाई में भाग ले सकते हैं।





### न्यायमूर्ति ने प्रकरण की सुनवाई की

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया की उपस्थिति में ई–हियरिंग के माध्यम से प्रकरण क्रमांक डीसी/646/सीसी/ 07/2025 पक्षकार संतोष कुमार पारख विरूद्ध नगर पालिका बालोद में सुनवाई किया गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बालोद में ई–हियरिंग के शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के रजिस्ट्रार श्रीनिवास तिवारी, ज्वाईंट रजिस्ट्रार मोना चौहान, सदस्य प्रमोद वर्मा, लेखा अधिकारी मधुलिका यादव, जिला उपभोक्ता आयोग रायपुर के अध्यक्ष डाकेश्वर शर्मा, सदस्य निरूपमा प्रधान, अनिल अग्निहोत्री सहित ई–हियरिंग के शुभारंभ अवसर पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बालोद में आयोजित समारोह के दौरान जिला उपभोक्ता आयोग बालोद के अध्यक्ष गोपाल रंजन पाणिग्राही, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्षा प्रतिभा चौधरी, सदस्य इंदरचंद राखेचा एवं अधिवक्ता संघ बालोद के अध्यक्ष अजय साहू व सचिव बीपी साहू सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्तागण सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।